(छ) दूसरे का दुख सुनकर लोग उसकी हँसी लेते हैं न कि उसकी समस्या का समाधान करते हैं।

(ज) माँगने वालों को रहीम ने मना करने वाले लोगों से भी अधिक मरा हुआ बताया है।

❒ व्याकरण-बोध

4. (क) (i) (ख) (ii) (ग) (ii)

5. अपवाद अपशब्द अपमान, दुश्मन दुस्साहस दुष्कर, सुशील सुमन सुरेश, परियोजना परिभाषा परिवाम, उपदेश उपयोग उपकार अनुशासन अनुग्रह

6. मनुष्य आदमी पुरूष, पेड़ विटप वृक्ष,
जल मलय सलिल, ताल जलाशय तालाब, दीपक दीया चिराग
तरनी सरिता तटिनी

❒ योग्यता-विस्तार

7. विद्यार्थी स्वयं करें। **8.** विद्यार्थी स्वयं करें।

❒ जीवन-मूल्य

9. विद्यार्थी स्वयं करें। **10.** विद्यार्थी स्वयं करें। ❑

हिंदी व्याकरण–6

1. भाषा और व्याकरण

(क) 1. भाषा वह साधन है जिसके द्‌वारा मानव अपने भावों और विचारों को प्रकट कर सकता है तथा दूसरों के विचारों को ग्रहण कर सकता है।

भाषा के निम्नलिखित दो रूप होते हैं—

- **मौखिक भाषा**—यह भाषा का वह रूप है जिसके माध्यम से व्यक्ति बोलकर अपने भावों और विचारों को प्रकट करता है।
  भाषा के मौखिक रूप हैं—वाद-विवाद, दो व्यक्तियों के बीच की बातचीत, कहानी सुनना-सुनाना, समाचार वाचन आदि।
- **लिखित भाषा**—भावों और विचारों को लिखकर प्रकट करना, लिखित भाषा कहलाता है। भाषा के लिखित रूप हैं—समाचार-पत्र, पुस्तकें, पत्रिकाएँ, दुकानों पर लिखे नाम आदि। लिखित भाषा स्थायी भाषा होती है। इसके द्‌वारा ज्ञान के भंडार को सुरक्षित रखा जा सकता है।

2. भाषा के लिखने का ढंग लिपि कहलाता है।
हिंदी की लिपि देवनागरी है।

3. वह शास्त्र जो भाषा को शुद्‌ध रूप में बोलने, पढ़ने व लिखने का ज्ञान कराता है, व्याकरण कहलाता है।
भाषा की शुद्‌धता अथवा अशुद्‌धता का ज्ञान व्याकरण ही कराता है।

(ख) 1. दो 2. मौखिक 3. 22
4. स्थायी भाषा 5. देवनागरी

(ग)

हिंदी	मैथिली	संस्कृत
बांग्ला	मलयालम	संथाली
बोडो	मणिपुरी	सिंधी
डोगरी	मराठी	तमिल
गुजराती	नेपाली	तेलुगु
कन्नड़	उड़िया	उर्दू
कश्मीरी	पंजाबी	असमिया, कोंकणी

(घ) 1. ✗ 2. ✓ 3. ✓ 4. ✓ 5. ✓

(ङ) लिखित मौखिक मौखिक

❑

2. वर्ण-विचार

(क) 1. वह सबसे छोटी ध्वनि जिसके और टुकड़े नहीं हो सकते, वर्ण कहलाती है। हिंदी वर्णमाला में वर्णों के तीन भेद हैं।

- स्वर
- व्यंजन
- अयोगवाह

2. ऐसे वर्ण जिनका उच्चारण करते समय किसी अन्य ध्वनि की सहायता नहीं लेनी पड़ती तथा वायु मुख से बिना रुके बाहर आती है, उन्हें स्वर कहते हैं।

स्वर के निम्नलिखित तीन भेद हैं—

(i) **ह्रस्व स्वर**—जिन वर्णों के उच्चारण में कम समय लगता है, वे ह्रस्व स्वर कहलाते हैं।

ह्रस्व स्वरों की संख्या चार हैं—अ, इ, उ, ऋ।

(ii) **दीर्घ स्वर**—जिन स्वरों का उच्चारण करने में ह्रस्व स्वरों से दोगुना समय लगता है, उन्हें दीर्घ स्वर कहते हैं। दीर्घ स्वरों की संख्या सात हैं—आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ।

(iii) **प्लुत स्वर**—जिन स्वरों का उच्चारण करने में ह्रस्व स्वरों से तिगुना समय लगता है, वे प्लुत स्वर कहलाते हैं। जैसे—ओ३म, भैया३, बिटिया३ आदि।

3. जिन वर्णों का उच्चारण करते समय स्वरों की सहायता ली जाती है तथा वायु कंठ से निकलकर, मुख में रुककर बाहर आती है, उन्हें व्यंजन कहते हैं।

व्यंजन के निम्नलिखित तीन भेद होते हैं—

(i) **स्पर्श व्यंजन**—वे व्यंजन जिनका उच्चारण करते समय वायु कंठ, तालु, मूर्धा, दाँत अथवा ओठों से स्पर्श करके मुख से बाहर आती है, वे **स्पर्श व्यंजन** कहलाते हैं। स्पर्श व्यंजन निम्नलिखित हैं—

कवर्ग	:	क	ख	ग	घ	ङ		
चवर्ग	:	च	छ	ज	झ	ञ		
टवर्ग	:	ट	ठ	ड	ढ	ण	ड़	ढ़
तवर्ग	:	त	थ	द	ध	न		
पवर्ग	:	प	फ	ब	भ	म		

(ii) **अंतःस्थ व्यंजन**—जिन व्यंजनों का उच्चारण स्वरों और व्यंजनों के मध्य का होता है, वे **अंतःस्थ व्यंजन** कहलाते हैं। इनकी संख्या चार है—य र ल व।

(iii) **ऊष्म व्यंजन**—जिन व्यंजनों का उच्चारण करते समय वायु मुख से टकराकर ऊष्म अथवा गरम हो जाती है, उन्हें **ऊष्म व्यंजन** कहते हैं। इनकी संख्या चार है—श ष स ह।

4. अनुस्वार का चिह्न (ं) बिंदु है। इसको स्वरों तथा व्यंजनों के ऊपर बिंदु के रूप में प्रयोग किया जाता है। उदाहरण—दंत, कंठ, मंगल, पंडित आदि।

अनुनासिक—जिस वर्ण को बोलते समय वायु मुख तथा नाक से एक साथ बाहर आती है, उसे अनुनासिक कहते हैं। इसका चिह्न चंद्रबिंदु (ँ) है। इसे वर्णों के ऊपर लगाते हैं।

उदाहरण—चाँद, आँख, ऊँट, माँग आदि।

(ख) **ह्रस्व स्वर**—अ, इ, उ, ऋ

दीर्घ स्वर—आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ

(ग) उ ु ए े आ ा
ओ ो ऋ ृ ऐ ै
औ ौ ई ी इ ि
ऊ ू

(घ) **भवन**—भ् अ व् अ न् अ
बादल—ब् आ द् अ ल् अ
कृपालु—क् ऋ प् आ ल् उ
नियमित—न् इ य् अ म् इ त् अ
कृष्ण—क् ऋ ष् ण् अ
आहार—आ ह् आ र् अ
संजय—स् अं ज् अ य् अ
प्रतिकार—प् र् अ त् इ क् आ र् अ

(ङ)

क्षत्रिय	कक्षा
पत्र	मित्र
श्री	श्रीमती
ज्ञान	विज्ञान
विद्या	विद्यालय

(च)

बच्चा	सच्चा	कच्चा
पक्का	चक्का	मक्का
अब्बा	डिब्बा	रब्बा
मिट्टी	गिट्टी	लट्टू
दद्दा	रद्दा	गद्दा

(छ) 1. चार 2. सात 3. तीन 4. पच्चीस 5. स्वर

❑

3. संधि

(क) 1. वर्णों के पारस्परिक मेल से जो विकार अथवा परिवर्तन उत्पन्न होता है, उसे संधि कहते हैं; जैसे—रवि इंद्र रवींद्र।

2. संधि के निम्नलिखित तीन भेद हैं—

(i) **स्वर संधि**—कृष्ण अवतार कृष्णावतार, दीप अवली दीपावली

(ii) **व्यंजन संधि**—सत् आचार सदाचार, दिक् गज दिग्गज

(iii) **विसर्ग संधि**—दु: + उपयोग दुरुपयोग, मन: + हर मनोहर

3. संधि द्वारा बने शब्दों को अलग-अलग करना, संधि-विच्छेद कहलाता है। जैसे—पवन पो अन

(ख) 1. स्वागत 2. रमेश 3. विद्यानंद 4. मुनींद्र
5. नारींद्र 6. मतानुसार 7. नरोत्तम 8. देवर्षि
9. मनोहर 10. सन्मार्ग

(ग) पवन कपीश सूक्ति वधूर्जा अन्वय

(घ)

पुस्तक आलय	दिन ईश
दीक्षा अंत	हेम इंद्र
वधू आलय	मन: ज

❑

4. शब्द-विचार

(क) 1. वर्णों का वह समूह जिसका कोई निश्चित अर्थ होता है, शब्द कहलाता है।
उदाहरण—मोर, सूर्य, आम्र।

2. शब्दों के भेद निम्नलिखित आधार पर किए जाते हैं—

- स्रोत या उत्पत्ति के आधार पर शब्द के भेद
  - (i) तत्सम शब्द
  - (ii) तद्भव शब्द
  - (iii) देशज शब्द
  - (iv) विदेशज शब्द
- अर्थ के आधार पर शब्द-भेद
  - (i) पर्यायवाची शब्द
  - (ii) अनेकार्थी शब्द
  - (iii) एकार्थी शब्द
  - (iv) विलोम या विपरीतार्थक शब्द

- वाक्य में प्रयोग के आधार पर शब्द-भेद
  (i) सार्थक शब्द (ii) निरर्थक शब्द
- रचना या बनावट के आधार पर शब्द-भेद
  (i) रूढ़ शब्द (ii) यौगिक शब्द (iii) योगरूढ़ शब्द
- व्याकरणिक प्रकार्य के आधार पर शब्द-भेद
  (i) संज्ञा (ii) सर्वनाम (iii) विशेषण
  (iv) क्रिया (v) अव्यय क्रिया-विशेषण (vi) संबंधबोधक
  (vii) समुच्चयबोधक (viii) विस्मयादिबोधक

3. रचना अथवा बनावट के आधार पर शब्द के निम्नलिखित तीन भेद हैं—
   (i) रूढ़ (ii) यौगिक शब्द (iii) योगरूढ़
4. संस्कृत के जो शब्द मूल रूप में हिंदी में प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें तत्सम शब्द कहते हैं; जैसे—मयूर, अग्नि, गज।

(ख)

हाथ	घी	सात
हाथी	आम	सौ
सूरज	पाँच	आग

(ग)

हिम आलय	विद्या अर्थी
नौ ग्रह	दूध वाला
अप मान	पुस्तक आलय
राज कुमार	रसोई घर

(च)

आगामी	दीवार
हथिनी	नायिका
पूर्ति	संगम
पहला	अंत:कथा

❑

5. शब्द-रचना : समास

(क) 1. परस्पर संबंध रखने वाले दो या दो से अधिक पदों के मेल को समास कहते हैं।
जैसे—लड़का-लड़की = लड़का और लड़की।
घुड़दौड़ = घोड़ों की दौड़।
2. समास करने के बाद जो शब्द बनता है, उसे सामासिक शब्द अथवा समस्तपद कहते हैं।
3. सामासिक शब्दों के बीच के संबंध को स्पष्ट करना, समास-विग्रह कहलाता है।
4. समास के निम्नलिखित चार भेद हैं—
   (i) अव्ययीभाव समास (ii) तत्पुरुष समास
   (iii) बहुव्रीहि समास (iv) द्वंद्व समास

(ख) **नीलकंठ**—नीला है कंठ जिसका
दिन-रात—दिन और रात
चौमासा—चार मासों का समाहार
यथाविधि—विधि के अनुसार
जन्मांध—जन्म से अंधा
घनश्याम—घन के समान श्याम वर्ण वाले

(ग)

नीलकंठ	चक्रधर
नीला है कंठ जिसका	चक्र को धारण करने वाला
चतुरानन	पंकज
चार मुख हैं जिसके	पंक (कीचड़ में जन्मा)

(घ)

रातोंरात	अव्ययीभाव समास
आजीवन	अव्ययीभाव समास
पीतांबर	बहुव्रीहि समास
घुड़सवार	तत्पुरुष समास
नीलकंठ	बहुव्रीहि समास
धनहीन	तत्पुरुष समास
गजानन	बहुव्रीहि समास
कमलनयन	कर्मधारय समास

❑

6. शब्द-रचना : उपसर्ग

(क) जो शब्दांश मूल शब्द के प्रारंभ में जुड़कर उनके अर्थ में विशेषता अथवा परिवर्तन उत्पन्न कर देते हैं, उन्हें उपसर्ग कहते हैं।

(ख)

अनचाहा	अनदेखा	अवधारणा	अवगुण
निर्जल	निर्जीव	निषेध	निडर
बेरहम	बेमिसाल	गैरकानूनी	गैरहाजिर

(ग)

अनु	करण	बद	सूरत
कु	पुत्र	दुर्	बल
उ	जाड़	उत्	थान

		उपसर्ग	नया शब्द
चूक	—	अ	अचूक
हर	—	मन:	मनोहर
बल	—	प्रति	प्रतिबल
कर्म	—	दु:	दुष्कर्म

❑

7. शब्द-रचना : प्रत्यय

(क) वे शब्दांश जो शब्द के अंत में जुड़कर उनके अर्थ में विशेषता ला देते हैं अथवा उनके अर्थ को बदल देते हैं, उन्हें प्रत्यय कहते हैं।
जैसे—गाड़ी वाला गाड़ीवाला

(ख)	भड़काऊ	टिकाऊ	पठन	लेखन
	दिखावा	पहनावा	बुढ़िया	लुटिया
	बुढ़ापा	मोटापा	महिमा	लालिमा
	यमदूत	शांतिदूत	दादागिरी	बढ़ईगिरी
(ग)	**मूलशब्द**	**प्रत्यय**	**मूलशब्द**	**प्रत्यय**
	लड़	आई	मानव	ता
	बाजी	गर	भव	आनी
	पुरुष	त्व	दया	वती

(घ) **धन** वान धनवान
लघु तम लघुतम
दया वती दयावती
भव आनी भवानी
गुण वान गुणवान
फल दार फलदार
राष्ट्र वादी राष्ट्रवादी
कठिन आई कठिनाई
विशेष ता विशेषता
चूहा दान चूहादान

❑

8. संज्ञा

(क) 1. किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, प्राणी या भाव के नाम को 'संज्ञा' कहते हैं; जैसे—सुरेश, तोता, जंगल, मोटापा।

2. संज्ञा के निम्नलिखित तीन भेद हैं—
   1. व्यक्तिवाचक संज्ञा
   2. जातिवाचक संज्ञा
   3. भाववाचक संज्ञा

3. जातिवाचक संज्ञा के दो भेद हैं—
   (i) **द्रव्यवाचक संज्ञा**—जो शब्द द्रव्य अथवा पदार्थ का ज्ञान कराते हैं, उन्हें द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं; जैसे—लोहा, सोना, चाँदी आदि।
   (ii) **समुदायवाचक संज्ञा**—जो संज्ञा शब्द किसी विशेष समुदाय या समूह का ज्ञान कराते हैं, समुदायवाचक संज्ञा कहलाते हैं; जैसे—सेना, कक्षा, भीड़ आदि।

(ख)	नेतागिरी	अपनापन
	शैशव	महानता
	पशुत्व, पशुता	हँसी

घरबार	स्वत्व
बचपन	निर्धनता

(ग) 1. विनय—व्यक्तिवाचक संज्ञा, घोड़ा-जातिवाचक संज्ञा
2. बुढ़ापे—भावाचक संज्ञा
3. पेड़, तोता—जातिवाचक संज्ञा
4. कुतुबमीनार, दिल्ली—व्यक्तिवाचक संज्ञा
5. भाई—जातिवाचक संज्ञा, रोहित—व्यक्तिवाचक संज्ञा

(घ) 1. निपुणता 2. मधुरता 3. हँसी 4. मानवता 5. अपनापन

(ङ) **पहरेदारी**—गाँव वालों ने पूरी रात खेतों की पहरेदारी की।
यौवन—शकुंतला यौवन से भरपूर थी।
गौरव—कक्षा में पहला स्थान प्राप्त करना बड़े गौरव की बात है।
ऊँचाई—उसका मकान बहुत ही ऊँचाई पर है।
परायापन—उसकी मामी ने उसके साथ परायापन किया।
लड़ाई—कल गाँव वालों के बीच बहुत घमासान लड़ाई हुई।

❑

9. संज्ञा-विकार : लिंग

(क) 1. संज्ञा शब्द के जिस रूप से पुरुष जाति अथवा स्त्री जाति का पता चलता है, उसे लिंग कहते हैं।
उदाहरण—मोर-मोरनी, धोबी-धोबिन
2. हिंदी भाषा में लिंग के दो भेद होते हैं—
पुल्लिग—शब्द के जिस रूप से किसी व्यक्ति, वस्तु आदि के पुरुष जाति के होने का बोध हो, उसे पुल्लिंग कहते हैं; जैसे— (i) **बंदर** पेड़ पर बैठा है। (ii) **लड़का** पुस्तक पड़ रहा है।
स्त्रीलिंग—शब्द के जिस रूप से स्त्री जाति का बोध हो, उसे स्त्रीलिंग कहते हैं; जैसे—(i) **बंदरिया** केला खा रही है। (ii) **लड़की** गीत गा रही है।

(ख) 1. रानी आ रही है। 2. बकरी उधर चर रही है।
3. अध्यापिका कक्षा में है। 4. वह गुणवती है।
5. नानीजी आई हैं।

(ग) 1. राधा ने पुस्तक खरीदी। 2. रमन ने स्लेट तोड़ दी।
3. सूरज निकल आया। 4. पेड़ पर बैठी चिड़िया उड़ गई।
5. चुहिया भाग गई।

(घ) शिष्या	प्रिया	देवी
नानी	चिड़िया	ऊँटनी
माता	शेरनी	बुढ़िया

बिल्ली	औरत	पापिन
लुहार	गायिका	हंसिनी
कुतिया	ठकुराइन	देवरानी
दुबयाइन	वधू	बाला
नायिका	बहन	रुद्राणी

❑

10. संज्ञा-विकार : वचन

(क) 1. शब्द के जिस रूप से उसके एक अथवा अनेक होने का बोध हो, उसे वचन कहते हैं; जैसे—मुर्गा-मुर्गें, बकरी-बकरियाँ, लड़का-लड़के आदि।

2. हिंदी में वचन निम्नलिखित दो प्रकार के होते हैं—

1. **एकवचन**—शब्द के जिस रूप से एक व्यक्ति, वस्तु अथवा प्राणी का बोध होता है, उसे एकवचन कहते हैं; जैसे—

(i) **कुत्ता** भौंक रहा है। (ii) **गाय** घास खाती है।

2. **बहुवचन**—शब्द के जिस रूप से एक से अधिक व्यक्तियों, वस्तुओं अथवा प्राणियों का पता चलता है, उसे बहुवचन कहते हैं; जैसे— (i) **कुत्ते** भौंकते हैं। (ii) बहन ने **राखियाँ** बाँधी।

(ख)	शिष्याएँ	तितलियाँ	लताएँ
	बस्ते	अध्यापकगण	गेंदें
	बुढ़ियाँ	शिक्षकवृंद	गुरुजन
	चूड़ियाँ	शाखाएँ	समोसे

(ग) 1. रसगुल्ले 2. बंदरिया 3. समोसे
4. चिड़ियाँ 5. लड़कियाँ 6. बस्ता

❑

11. संज्ञा-विकार : कारक

(क) 1. संज्ञा अथवा सर्वनाम के जिस रूप से उसका संबंध क्रिया के साथ जाना जाता है, वह कारक कहलाता है।

2. कारक के आठ भेद हैं—

1. कर्ता कारक—ने 2. कर्म कारक—को 3. करण कारक—से, के द्वारा 4. संप्रदान कारक—को, के लिए 5. अपादान कारक—से, अलग होना 6. संबंध कारक—का, के, की, रा, रे, री, 7. अधिकरण कारक—मे, पर 8. संबोधन कारक—हे, रे, अरे आदि

(ख) 1. रमा का भाई गया।

2. चाचाजी ने दीदी को घड़ी दी।

3. गिलहरी पेड़ पर चढ़ गई।
4. पिताजी रोहित के लिए वस्त्र लाए।
5. फल पेड़ से गिर गया।

(ग) **का**—राम का बस्ता बहुत ही सुंदर है।
ने—कमल ने साधना की पुस्तक लौटा दी।
के द्वारा—रमन के द्वारा बैंक में पैसे जमा कराए गए।
के लिए—माँ गगन के लिए नई किताब लाई।

(घ) 1. कबूतर आकाश में उड़ते हैं।
2. दुकानदार दुकान में बैठा है।
3. रमन ने स्नान कर लिया।
4. दादाजी नेहा के लिए फल लाए।
5. चंपा ने रेखा को उपहार दिया।
6. रमा ने गीत गाया।
7. रमेश ने खाना खा लिया।
8. वह घर से चल दिया।

❑

12. सर्वनाम

(क) 1. संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।
2. सर्वनाम के निम्नलिखित छः भेद हैं—
- पुरुषवाचक सर्वनाम—मैं, हम, तुम, यह, वह
- निश्चयवाचक सर्वनाम—यह, वह, ये, वे
- अनिश्चयवाचक सर्वनाम—कोई, कुछ, किसी को
- संबंधवाचक सर्वनाम—जो-सो, जैसा-वैसा
- प्रश्नवाचक सर्वनाम—कौन, क्या, किसने
- निजवाचक सर्वनाम—आप, स्वयं, खुद

3. पुरुषवाचक सर्वनाम तीन प्रकार के होते हैं—
(i) **उत्तम पुरुष**—जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग बोलने वाला (वक्ता) या लिखने वाला (लेखक) अपने लिए प्रयोग करता है, उन्हें उत्तम पुरुष कहते हैं; जैसे—मैं, मेरा, हम, हमारा आदि।
(ii) **मध्यम पुरुष**—जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग बोलने वाला सुनने वाले के लिए करता है, उन्हें मध्यम पुरुष कहते हैं; जैसे—तुम, तुमसे, तुम्हारा आदि।
(iii) **अन्य पुरुष**—बोलने वाला जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग किसी अन्य व्यक्ति के लिए करता है, वे अन्य पुरुष कहलाते हैं; जैसे—यह, वह, उसका, वे, उन्होंने आदि।

(ख) 1. मेरा 2. मुझ पर 3. तुम्हारी 4. किसने 5. उसने

(ग) **तुम्हारा**—तुम्हारा घर बहुत ही अच्छा है।
मैं—मैं कल दिल्ली जा रहा हूँ।
उसने—उसने मुझसे वादा किया था।
जो-सो—जो डर गया, सो मर गया।
वह—वह बहुत ही मेहनती लड़का है।
किससे—मैं अपनी पुस्तक किससे माँगूँ?
स्वयं—उसने स्वयं ही पौधों में पानी दिया।

(घ) 1. उसने यह कार्य किया।
2. उन्होंने हमसे कहा था।
3. इसका नाम मुझे मालूम है।
4. किसने पेंसिल चुराई है?
5. यह घर किसका है?

(ङ) 1. उत्तमपुरुष सर्वनाम
2. अनिश्चयवाचक सर्वनाम
3. अन्य पुरुष सर्वनाम
4. मध्यम पुरुष सर्वनाम
5. निजवाचक सर्वनाम
6. निश्चयवाचक सर्वनाम
7. निजवाचक सर्वनाम

❑

13. विशेषण

(क) 1. संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।

2. विशेषण शब्द जिन संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेष्य कहते हैं।

उदाहरण—नमन ताजे फल लाया है। (ताजे-विशेषण, फल-विशेष्य) मैं छठी कक्षा में पढ़ती हूँ (छठी-विशेषण, मैं-विशेष्य)

3. विशेषण के निम्नलिखित चार भेद हैं—

- **गुणवाचक विशेषण**—जो शब्द किसी संज्ञा या सर्वनाम शब्द के गुण, दोष आदि का बोध कराते हैं, उन्हें गुणवाचक विशेषण कहते हैं; जैसे— अच्छा, बुरा, अमीर, गरीब आदि।

संख्यावाचक विशेषण—जिस विशेषण से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का पता चले, उसे संख्यावाचक विशेषण कहते हैं; जैसे— एक, दो, प्रथम, सौ, हजार आदि।

परिमाणवाचक विशेषण—जो विशेषण शब्द विशेष्य की परिमाण संबंधी विशेषता बताते हैं, उन्हें परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं; जैसे— बहुत, थोड़ा, दो लीटर आदि।

- **सार्वनामिक या संकेतवाचक विशेषण**—जो सर्वनाम विशेषण के रूप में प्रयोग होते हैं, वे सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं; जैसे— यह, वह, वे, ये आदि।

(ख) 1. नैतिक 2. सामाजिक 3. पारिवारिक 4. अंकित
5. मलीन 6. आत्मीय 7. वैसा 8. भीतरी
9. ऊपरी 10. लोभी 11. पीड़ित 12. निचला

(ग) 1. **सारा**—अनिश्चित परिमाणवाचक
2. **कुछ**—अनिश्चित संख्यावाचक
3. **अच्छा**—गुणवाचक
4. **ऊँचा**—गुणवाचक
5. **संपूर्ण**—अनिश्चित परिमाणवाचक

(घ) 1. **छोटा**—उसका कद मुझसे बहुत छोटा है।
2. **सुखद**—आपके साथ रहना भी एक सुखद एहसास है।
3. **नैतिक**—बच्चों को नैतिक शिक्षा का ज्ञान दिया जाना आवश्यक है।
4. **पारिवारिक**—यह हमारा पारिवारिक उत्सव है।

(ङ) 1. राष्ट्रीय 2. सूती 3. झूठी 4. नैतिक

❑

14. क्रिया

(क) 1. जिस शब्द से किसी काम का करना या होना पाया जाता है, उसे क्रिया कहते हैं।
2. कर्म के आधार पर क्रिया के निम्नलिखित दो भेद हैं—
अकर्मक क्रिया—वे क्रियाएँ जिनके साथ कर्म न लगे तथा क्रिया का व्यापार एवं फल दोनों कर्ता में रहें, अकर्मक क्रियाएँ कहलाती हैं; जैसे—
(i) रमा बैठी है। (ii) बस चलती है।
सकर्मक क्रिया—वे क्रियाएँ जिनके साथ कर्म लगे तथा क्रिया का फल कर्म पर पड़े, सकर्मक क्रियाएँ कहलाती हैं; जैसे—
(i) राम ने खाना खाया। (ii) नेहा सब्जी बना रही है।
3. जिन सकर्मक क्रियाओं का एक कर्म होता है, एककर्मक सकर्मक क्रियाएँ कहलाती हैं; जैसे—(i) रूपा ने कपड़े धोए। (ii) नमन ने खिलौना खरीदा। जिन सकर्मक क्रियाओं के दो कर्म होते हैं, उन्हें द्विकर्मक सकर्मक क्रियाएँ कहते हैं; जैसे—(i) नमन ने रूपा को पुस्तक दी। (ii) माँ ने बेटी को साड़ी पहनाई।

(ख) 1. है 2. तोड़ा 3. बोल उठा 4. सोती रही 5. खरीदी

(ग) विद्यार्थी स्वयं करें।

❑

15. क्रिया : काल

(क) 1. क्रिया के जिस रूप से उसके होने अथवा करने के समय का ज्ञान होता है, उसे काल कहते हैं।

2. काल के निम्नलिखित तीन भेद होते हैं–

- **भूतकाल**–क्रिया के जिस रूप से काम के समाप्त हो चुकने का पता चले, उसे भूतकाल कहते हैं; जैसे–(i) वह पढ़ रहा था। (ii) राम कल दिल्ली गया।
- **वर्तमान काल**–क्रिया के जिस रूप से वर्तमान काल में क्रिया का करना या होना पाया जाता है, उसे वर्तमान काल कहते हैं; जैसे–(i) राधा नहा रही है। (ii) बच्चे खेल रहे हैं।
- **भविष्यत् काल**–क्रिया के जिस रूप से उसके आने वाले समय में होने का बोध हो, उसे भविष्यत् काल कहते हैं; जैसे–(i) लता चाय बनाएगी। (ii) किसान खेत में पौधे रोपेगा।

(ख) **भूतकाल**–(i) वह खेल रहा था। (ii) राम कल मुंबई गया।
वर्तमान काल–(i) वह लिख रहा है। (ii) बच्चे खेल रहे हैं।
भविष्यत् काल–(i) आज बारिश आएगी। (ii) राधा कल मेरठ जाएगी।

(ग)

	भूतकाल	**वर्तमानकाल**	**भविष्यत् काल**
पढ़	पढ़ा	पढ़ता है	पढ़ेगा
जा	गया	जाता है	जाएगा
चल	चला	चलता है	चलेगा
लिख	लिखा	लिखता है	लिखेगा
हँस	हँसा	हँसता है	हँसेगा

(घ) 1. बच्चा रो रहा है।
2. वह परेशान है।
3. नमन सोनीपत जा रहा है।
4. बादल बरस रहे हैं।
5. गरिमा भोजन कर रही है।

(ङ) 1. मैं गया था।
2. रजनी ने गीत गाया था।
3. वह पढ़ रही थी।
4. भोला कल आया था।
5. माताजी कपड़े सुखा रही थीं।

(च) 1. नरेश पढ़ेगा।
2. रमा खाना बनाएगी।
3. निशा आगरा जाएगी।
4. शोभा भजन गाएगी।
5. मेरे चाचाजी आयेंगे।

❑

16. क्रिया : वाच्य

(क) 1. क्रिया के जिस रूप से यह पता चलता है कि क्रिया कर्ता, कर्म अथवा भाव के अनुसार हुई है, उसे वाच्य कहते हैं।

2. वाच्य के निम्नलिखित तीन भेद होते हैं—

- **कर्तृवाच्य**—क्रिया के जिस रूप से यह पता चले कि वाक्य में उसका प्रयोग कर्ता के लिंग और वचन के अनुसार किया गया है, उसे कर्तृवाच्य कहते हैं; जैसे—
  (i) मोहन रोटी खाता है।
  (ii) तुम पढ़ते हो।
- **कर्मवाच्य**—क्रिया के जिस रूप से यह पता चले कि वाक्य में उसका प्रयोग कर्ता के लिंग व वचन के अनुसार न होकर कर्म के लिंग तथा वचन के अनुसार किया गया है, उसे कर्मवाच्य कहते हैं; जैसे—
  (i) मोहन से रोटी खाई जाती है।
  (ii) तुमसे पढ़ा जाता है।
- **भाववाच्य**—वाक्य में क्रिया का प्रयोग जब कर्ता या कर्म के लिंग व वचन के अनुसार न होकर भाव के अनुसार होता है, तो उसे भाववाच्य कहते हैं; जैसे—
  (i) नमन से चला नहीं जाता। (ii) बच्ची से हँसा नहीं जाता।

(ख) 1. राम द्वारा चला नहीं जाता है।
2. अध्यापिका के द्वारा आज हमें नया पाठ पढ़ाया गया।
3. ईश्वर द्वारा हमारी रक्षा की जाती है।
4. सिपाही द्वारा चोर को पकड़ा गया।

(ग) 1. मुझसे सोया नहीं जाता। 2. उससे बोला नहीं जाता।
3. लड़की से पढ़ा जाएगा। 4. रमन के भाई से बोला नहीं जाता।

(घ) 1. वह खाता है।
2. संजय दौड़ता है।
3. रीमा गीत गाती है।
4. चोर को पुलिस ने पकड़ा।

(ङ) 1. **कर्तृवाच्य**—(i) सुरेश पौधा लगाता है।
(ii) वह गाना गाता है।
2. **कर्मवाच्य**—(i) वह पुस्तक नहीं पढ़ता है।
(ii) बच्ची दूध पीती है।
3. **भाववाच्य**—(i) उससे चला नहीं जाता।
(ii) बच्ची से बोला नहीं जाता।

❑

17. अव्यय : क्रिया-विशेषण

(क) 1. जो शब्द क्रिया शब्दों की विशेषता बताते हैं, उन्हें क्रिया-विशेषण कहते हैं।
उदाहरण—थोड़ा खा लो।
दिनभर काम करना है।

2. क्रिया-विशेषण के चार भेद हैं—

- **स्थानवाचक क्रिया-विशेषण**—जो क्रिया-विशेषण क्रिया के होने का स्थान बताता है, उसे स्थानवाचक क्रिया-विशेषण कहते हैं; जैसे— बाहर, भीतर, इधर, उधर आदि।
- **कालवाचक क्रिया-विशेषण**—जो क्रिया-विशेषण क्रिया के होने का समय बताता है, उसे कालवाचक क्रिया-विशेषण कहते हैं; जैसे—जब, तब, तभी, तत्काल, निरंतर, शीघ्र आदि।
- **रीतिवाचक क्रिया-विशेषण**—क्रिया के होने या करने की रीति संबंधी विशेषता बताने वाले शब्द, रीतिवाचक क्रिया-विशेषण कहलाते हैं; जैसे—अचानक, सहसा, एकाएक, यथा, तथा, सचमुच आदि।
- **परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण**—जिन क्रिया-विशेषणों से क्रिया के परिमाण अथवा मात्रा का बोध हो, उन्हें परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण कहते हैं; जैसे—अति, भारी, लगभग, थोड़ा-सा, तनिक, ज्यादा आदि।

3. जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेषण कहते हैं तथा जो शब्द-क्रिया की विशेषता बताते हैं, वे क्रिया-विशेषण कहलाते हैं।

(ख) 1. **बाहर**—बाहर बैठिए।
2. **एकाएक**—एकाएक वर्षा होने लगी।
3. **धीरे-धीरे**—दादाजी धीरे-धीरे चलते हैं।
4. **अवश्य**—मैं तुम्हारा कर्ज अवश्य ही चुका दूँगा।
5. **थोड़ा-सा**—थोड़ा-सा खाइए और आराम से रहिए।

(ग) 1. तेज 2. जोर-से 3. हाथोंहाथ 4. धीरे-धीरे 5. बहुत 6. मत

(घ) 1. वह निरंतर दौड़ रहा था। 2. वह बहुत आगे बढ़ गया।
3. शायद आज वर्षा हो। 4. यह कदापि सच नहीं हो सकता।

(ङ) 1. **सुंदर**-विशेषण—रेखा एक सुंदर लड़की है।
क्रिया-विशेषण—रमेश सुंदर लिखता है।
2. **कम**-विशेषण—मैंने आज कम फल खरीदे।
क्रिया-विशेषण—वह बहुत कम बोलता है।
3. **अच्छा**-विशेषण—वह एक अच्छा लड़का है।
क्रिया-विशेषण—वह अच्छा खेलता है।

❑

18. वाक्य-विचार

(क) 1. भावों और विचारों को प्रकट करने वाला शब्दों का व्यवस्थित समूह वाक्य कहलाता है।

2. वाक्य के दो अंग होते हैं–
   (i) उद्देश्य
   (ii) विधेय

3. रचना के आधार पर वाक्य के निम्नलिखित भेद हैं।
   (क) **सरल वाक्य**–जिन वाक्यों की एक ही क्रिया होती है, उन्हें सरल वाक्य कहते हैं। सरल वाक्यो के कर्ता (उद्देश्य) एक से अधिक हो सकते हैं, किंतु (विधेय) एक ही होता है; जैसे–रानी, पूजा और रेखा ने आम खाए।
   (ख) **संयुक्त वाक्य**–ऐसे वाक्य जिनके सभी उपवाक्य समान स्तर के हों तथा परस्पर समुच्चयबोधक यानी योजक शब्द से जुड़े हों, वे संयुक्त वाक्य कहलाते हैं; जैसे– किसान गरीब है लेकिन ईमानदार है।
   (ग) **मिश्र वाक्य**–ऐसे वाक्य जिनमें एक प्रधान उपवाक्य हो तथा एक या अधिक आश्रित उपवाक्य हों, उन्हें मिश्रवाक्य कहा जाता है। जैसे–रमन ने उत्तर दिया कि शीशा उसने नहीं तोड़ा।

(ख) 1. सरल वाक्य　　2. सरल वाक्य
3. संयुक्त वाक्य　　4. मिश्र वाक्य

(ग) 1. वह अत्यंत परिश्रमी नहीं है। (निषेधवाचक)
क्या वह अत्यंत परिश्रमी है? (प्रश्नवाचक)

2. शायद वह सो गया। (संदेहवाचक)

3. सविता सुलेख लिखती है। (विधानवाचक)
अरे वाह! कविता सुलेख लिखती है। (विस्मयवाचक)

4. यदि तुम मेहनत करोगी तो भाषण प्रतियोगिता में प्रथम आओगी। (संकेतवाचक)
ईश्वर करे तुम भाषण प्रतियोगिता में प्रथम आओ! (इच्छावाचक)

	उद्देश्य	**विधेय**
(घ)	1. नमन	घर जा रहा है।
	2. चाचाजी	बीमार हैं।
	3. सलमा	टी.वी. देख रही है।
	4. माताजी	खाना पका रही हैं।

❑

19. विराम-चिह्न

(क) जब हम बोलते हैं तो बीच-बीच में अपनी बात पर बल देने अथवा उसे स्पष्ट रूप से समझाने के लिए थोड़ी देर रुकते हैं। रुकने की इसी क्रिया को विराम कहते हैं। रुकने की इस प्रक्रिया को स्पष्ट करने के लिए लिखते समय जो चिह्न प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें विराम-चिह्न कहते हैं।

(ख)

पूर्ण विराम ।	उद्धरण चिह्न " "
अर्ध-विराम ;	योजक चिह्न -
अल्प-विराम ,	कोष्ठक ( ) [ ]
प्रश्नसूचक चिह्न ?	लाघव चिह्न ०
विस्मयसूचक चिह्न !	निर्देशक चिह्न —

(ग) 1. महात्मा गांधी ने कहा, "सदा सत्य बोलो।"
2. दहेज-प्रथा एक सामाजिक बुराई है।
3. राम, नेहा, बादल, रवि तथा अनु कक्षा में आ गए हैं।
4. माँ ने कहा, "भोजन पक गया है।"
5. अरे! आदेश, इधर तो आना।

(घ) 1. अर्ध-विराम, पूर्ण विराम
2. विस्मयसूचक चिह्न, पूर्ण विराम
3. प्रश्नवाचक चिह्न
4. अर्ध विराम, पूर्ण विराम
5. पूर्ण विराम।

❑

20. अर्थ के आधार पर शब्द-भेद

(क) 1. एक-सा अर्थ बताने वाले शब्दों को पर्यायवाची शब्द कहते हैं;
जैसे—अंधकार—तम, तिमिर, अँधेरा।

2. एक-दूसरे का विपरीत अर्थ देने वाले शब्दों को विपरीतार्थक या विलोम शब्द कहते हैं;
जैसे—आकर्षण-विकर्षण
सौभाग्य-दुर्भाग्य
उदय-अस्त
आयात-निर्यात
देव-दानव

3. जिन शब्दों के एक से अधिक अर्थ होते हैं, उन्हें अनेकार्थी शब्द कहते हैं;
जैसे—अंबर-वस्त्र, आकाश
बल-सेना, ताकत
4. जो शब्द अनेक शब्दों या वाक्यांशों के लिए प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें अनेक शब्दों के लिए एक शब्द कहते हैं। इनसे भाषा आकर्षक एवं प्रभावशाली बन जाती है।

(ख) 1. तम, तिमिर, अँधेरा
2. शेर, वनराज, केसरी
3. सर, सरोवर, जलाशय
4. रजनी, निशा, यामिनी
5. नारी, महिला, वनिता

(ग) 1. अस्त 2. विक्रय 3. सूक्ष्म 4. दुर्गंध
5. प्रेम 6. मित्र 7. अपयश 8. अचल
9. दानव 10. लाभ 11. विध्वंश 12. विराग

(घ) 1. अनंत 2. दुष्कर 3. नभचर 4. मितव्ययी
5. कृतज्ञ 6. साकार

(ङ) 1. सेना, सहारा, ताकत
2. जल, मान, चमक
3. माला, पराजय, शिथिलता
4. समय, मृत्यु, यमराज

(च) **वायु**—गंगा के किनारे शीतल वायु चल रही थी।
पवन—मंद पवन के झोकों के साथ वर्षा होने लगी।
राजा—राजा ने अपराधी को कारावास में डाल दिया।
नृप—नृप घोड़े पर सवार होकर शिकार पर निकला।

❑

21. मुहावरे तथा लोकोक्तियाँ

(क) 1. जब कोई वाक्य अथवा वाक्यांश अपने सामान्य अर्थ को छोड़कर किसी विशेष अर्थ को प्रकट करता है, तो उसे मुहावरा कहते हैं।
2. मुहावरे का प्रयोग वाक्य के अंत, आरंभ, और बीच में कहीं भी किया जा सकता है। लोकोक्तियाँ अपने आप में एक पूर्ण वाक्य होती हैं।
अंधे की लकड़ी—एकमात्र सहारा
रमेश अपने बूढ़े दादा-दादी के लिए अंधे की लकड़ी है।
आग बबूला होना—गुस्से से भर जाना
गृहकार्य पूर्ण न होने पर अध्यापक सचिन पर आग-बबूला हो गए।
उल्टी गंगा बहाना—नियम-विरुद्ध काम करना

तुम समझदार होकर भी गैर-कानूनी काम करते हो, यह उल्टी गंगा क्यों बहा रहे हो?
दाल न गलना—सफल न होना
तुम कितना ही काम कर लो, तुम्हारी दाल नहीं गलेगी।
मुँह ताकना—दूसरों पर निर्भर रहना
परीक्षा-कक्ष में रोहन सबका मुँह ताकता रह गया।

❑

22. अपठित गद्यांश

विद्यार्थी स्वयं करें।

❑

23. कहानी-लेखन

विद्यार्थी स्वयं करें।

❑

24. पत्र-लेखन

विद्यार्थी स्वयं करें।

❑

25. निबंध-लेखन

विद्यार्थी स्वयं करें।

❑

सेमेस्टर-1 अर्द्धवार्षिक परीक्षा प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र

1. (क) (iv) (ख) (iii) (ग) (ii) (घ) (iv) (ङ) (iii)
2. (क) भाग-दौड़ (ख) दुख (ग) अक्षरों (घ) देवालय (ङ) कंप्यूटर
3. (क) ✗ (ख) ✓ (ग) ✓ (घ) ✗ (ङ) ✓
4. (क) (iv) (ख) (v) (ग) (i) (घ) (ii) (ङ) (iii)
5. (क) अच्छे एथलीट को दिन-रात परिश्रम करना पड़ता है। सोने का पदक प्राप्त करने के लिए सोने (आराम) का सुख छोड़ना पड़ता है।
   (ख) हार की जिम्मेदारी स्वयं पर लेना और जीत का श्रेय समस्त टीम को देना, सतीश धवन की इस बात से सभी को सबक लेना चाहिए।

(ग) सुमेर सिंह मास्टर जी के पास ही पैसे माँगने इसलिए गया, क्योंकि उसे अपनी मदद के काबिल मास्टर जी के अलावा और कोई न दिखा।

(घ) मनुष्य जब अपने विचारों और हिसाब-किताब को लिखने लगा तब उसे सभ्य कहा जाने लगा, क्योंकि इस खोज ने उसे अन्य प्राणियों से श्रेष्ठ बना दिया।

(ङ) नदियों, जंगलों, चिड़ियों का मधुर कलरव तथा फूलों की खुशबू, सुदंरता आदि को 'प्रकृति का जादू' कहा गया है।

6. (क) जीतना (ख) अधर्म (ग) फरोख्त (घ) नया
   (ङ) सुख (च) नरक
7. (क) आगामी (ख) दीवार (ग) हथिनी (घ) नायिका
   (ङ) पूर्ति (च) संगम
8. (क) नीला है कंठ जिसका
   (ख) दिन और रात
   (ग) चार मासों का समाहार
   (घ) विधि के अनुसार
9. (क) शिष्याएँ (ख) लताएँ
   (ग) चूड़ियाँ (घ) गुरुजन
   (ङ) शाखाएँ (च) गेंदें
10. (क) पुस्तक आलय
    (ख) दिन ईश
    (ग) दीक्षा अंत
    (घ) देव आलय
    (ङ) वधू उत्सव
    (च) हेम इंद्र

सेमेस्टर-2 वार्षिक परीक्षा प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र

1. (क) (i) (ख) (ii) (ग) (iii) (घ) (i) (ङ) (i)
2. (क) परीक्षा (ख) कहानी (ग) मंडली
   (घ) बढ़ती हुई जनसंख्या (ङ) सज्जनों का
3. (क) ✓ (ख) ✓ (ग) ✗ (घ) ✓ (ङ) ✓
4. (क) (v) (ख) (iii) (ग) (iv) (घ) (i) (ङ) (ii)
5. (क) रामू ने अपनी माँ के लिए शराब पीनी छोड़ दी।
   (ख) रहीम ने परोपकारी को धन्य कहा है।

(ग) जल का एक चक्र है—वर्षा के रूप में बरसना, भाप बनकर उड़ना, बादल बनना और फिर बरस पड़ना। यही जलचक्र जीवन की सभी क्रियाओं का आधार है।

(घ) काका दूसरे गाँव में विजय को घुमाने तथा उसे वहाँ के किसानों के रहन-सहन में आए बदलावों को दिखाने गए थे।

(ङ) पढ़ते समय हमें आँखों की देखभाल के लिए इन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि हमारी पुस्तक पर यथेष्ट प्रकाश पड़ रहा है या नहीं। यह प्रकाश हमारी आँखों में चमक उत्पन्न करने वाला या चौंधियाने वाला नहीं होना चाहिए। दूसरी बात ध्यान में रखने की यह है कि हमारी पुस्तक आँखों से उचित दूरी (16 इंच) पर हो।

6. (क) दुख (ख) झूठ (ग) असुर (घ) ज्यादा
   (ङ) बुरा (च) अविश्वास (छ) शाम (ज) पराया
7. (क) **छोटा**—काजल के भाई का छोटा कद है।
   (ख) **सुखद**—मैंने दादा-दादी के साथ सुखद पल बिताए।
   (ग) **नैतिक**—अच्छा आचरण करना हमारा नैतिक कर्तव्य है।
   (घ) **पारिवारिक**—यह हमारा पारिवारिक मसला है।
8. (क) है (ख) तोड़ा
   (ग) बोल उठा (घ) सोती रही
9. (क) भूतकाल—(i) वह कल दिल्ली गया था। (ii) वह खाना खा रही थी।
   (ख) वर्तमान—(i) वह खाना खा रहा है। (ii) वह सो रहा है।
   (ग) भविष्यत् काल—(i) वह दिल्ली जाएगा। (ii) श्याम कल पतंग उड़ाएगा।
10. 1. सुंदर-विशेषण—रेखा एक सुंदर लड़की है।
    क्रिया-विशेषण—रमेश सुंदर लिखता है।
    2. कम-विशेषण—मैंने आज बाजार से कम फल खरीदे।
    क्रिया-विशेषण—वह बहुत कम बोलता है।
    3. अच्छा-विशेषण—वह एक अच्छा लड़का है।
    क्रिया-विशेषण—वह अच्छा खेलता है।

❑